Title: Regarding construction of a railway over bridge at Dabhaura Railway crossing Gate No. 334-B in Shahjahanpur Parliamentary Constituency-laid

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहाँपुर (उत्तर प्रदेश) की तहसील तिलहर में तिलहर-निगोही के बीच ग्राम डभौरा के पास रेलवे क्रासिंग पड़ती हैं, जो लगभग 200 गांवों को शहर से जोड़ती हैं । इन सभी ग्रामवासियों का शहर आवागमन हेतु उक्त रेलवे क्रासिंग ही एकमात्र रास्ता हैं। इस रेलवे क्रासिंग पर भारी यातायात की वजह से प्रतिदिन कई-कई घंटों तक यातायात अवरुद्ध रहता है, जिसकी वजह से इन गांवों के लोगो को व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी बेहतर सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। विगत काफी समय से स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उक्त रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग की जा रही है और इस संबंध में, मैंने भी माननीय रेल मंत्री जी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि उक्त रेलवे क्रासिंग पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण अविलंब करवाया जाए, ताकि निकटवर्ती गांवों के सभी लोगों को आवागमन और अपने कार्यों में सुविधा मिल सके। अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध हैं कि जनहित में उक्त जनसमस्या को प्राथमिकता में रखते हुये जनपद शाहजहाँपुर के तहसील तिलहर क्षेत्र में डभौरा रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 334-B पर रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) का निर्माण करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।